# खरीफ फसलों में कातरा कीट के रोकथाम की जानकारी दी

**बीकानेर, (कासं)।** जिले में खरीफ फसल ग्वार, बाजार, मोठ, मूंगफली इत्यादि में कहीं-कहीं कातरा के प्रकोप की सूचना प्राप्त होने पर कृषि विभाग द्वारा सर्वे कर कातरा के प्रकोप का स्तर जान तत्काल नुकसान क्षेत्र का सघन निरीक्षण कर किसानों को नियंत्रण के उपाय सुझाए हैं।

संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी ने बताया कि कई जगह कातरा का प्रकोप आर्थिक हानि स्तर से ऊपर पाया है। जिले में श्रीडूंगरगढ़, नोखा, पांचू, कोलायत के खेतों में कातरा का

- **श्रीडूंगरगढ़, नोखा, पांचू, कोलायत के खेतों में कातरा कीट के प्रकोप से फसलों में नुकसान**



कृषि अधिकारियों ने खेतों पर जाकर किसानों को खरीफ की फसलों में कातरा कीट के नियंत्रण संबंधी जानकारी दी।

प्रकोप बिखरे हुए क्षेत्र में नजर आया है। कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक कृषि कैलाश चौधरी के अनुसार कातरा कीट के पतंगे वर्षा ऋतु की शुरूआत में विशेष रूप से पहली अच्छी वर्षा के बाद जमीन से निकलते हैं और प्रकाश की ओर आकर्षित होते हैं। कातरा कीट खरीफ फसलों में मोठ, मूंग, बाजरा, ग्वार, तिल की फसलों के लिए नुकसानदायक है।

मादा कीट एक बार में 600 से 700 अंडे देती है, जिनसे 2 से 3 दिन में लटें निकल आती हैं। मादा पतंगें पत्तियों की निचली सतह पर अंडे देती हैं, जो पीले रंग के होते हैं और पोस्त के बीज जैसे दिखते हैं। इन अंडों से सूंडियां या लार्वा या लटें निकलती हैं, जो पौधों की पत्तियों को खाती हैं। इसके अलावा इसकी लटें कीड़े के बच्चे फसलों की पत्तियों को कुतरकर नष्ट कर देती है, जिससे पौधे सूखकर मर जाते हैं।

सहायक निदेशक उद्यान मुकेश गहलोत ने बताया कि मानसून की शुरूआत में कातरे के पतंगे जमीन से निकलते हैं। खरीफ की फसलों को खासतौर से दलहनी फसलों में कातरे का प्रकोप होता हैं। इस कीट की लट वाली अवस्था नुकसान करती है। जोन सी की खरीफ फसल पैकेज आफ प्रैक्टिसेज के अनुसार कातरे का नियंत्रण निम्न प्रकार कर सकते हैं।

कातरे के पतंगों का नियंत्रण मानसून की वर्षा होते ही कातरे के पतंगों का जमीन से निकलना शुरू हो जाता है। इन पतंगों को नष्ट कर दिया जाये तो फसलों में कातरे की लट का प्रकोप बहुत कम हो जाता है। इसकी रोकथाम प्रकाश पाश क्रिया से संभव है। पतंगों को प्रकाश की ओर आकर्षित करें। खेत की मेड़ों, चारागाहों व खेतों में गैस, लालटेन या बिजली का बल्ब जलायें (जहां बिजली की सुविधा हो) तथा इनके नीचे मिट्टी के तेल मिले पानी की परात रखें ताकि रोशनी पर आकर्षित हो एवं जलकर नष्ट हो जायें।

खेतों पर कातरे की लट के आगमन को रोकने के लिए खेत के चारों तरफ खाई खोदें एवं खाईयों में मिथाइल पैराथियॉन 2 प्रतिशत चूर्ण भुरक दीजिये ताकि खाई में गिरकर आने वाली लटे नष्ट हो जायें। खेतों से लटें चुन-चुनकर एवं एकत्रित कर मिट्टी के तेल मिले (5 प्रतिशत) पानी में डालकर नष्ट करें। क्यूनालफॉस 1.5 प्रतिशत चूर्ण 6 किलो का प्रति बीघा भुरकाव करें। जहां पानी की सुविधा हो वहां क्यूनालफॉस 25 ई.सी. 250 मि. ली. प्रति बीघा का छिड़काव कर कातरा कीट पर नियंत्रण किया जा सकता है।

## अपात्रों से उठाये राशन गेहूं की वसूली होगी

**बीकानेर, (कासं)।** राज्य सरकार की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत पात्र लोगों तक सस्ता राशन पहुंचाने के लिए कड़ा कदम उठाया गया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के निर्देश पर अब विभाग ऐसे लोगों की जांच करने जा रहा है जो आयकरदाता हैं या जिनके नाम पर निजी वाहन पंजीकृत हैं, फिर भी एनएफएसए का लाभ उठा रहे हैं।

जल्द ही रसद विभाग आयकर विभाग और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) से ऐसे लोगों की सूची मंगवाकर सत्यापन करेगा। यदि कोई व्यक्ति अपात्र होते हुए भी योजना का लाभ लेते पाया गया, तो उससे अब तक उठाव किए गए राशन की बाजार मूल्य से वसूली की जायेगी। गिव अप अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग आर्थिक रूप से सक्षम हैं, वे गरीबों के हक का राशन न लें। इससे उन वंचित और जरूरतमंद परिवारों को योजना से जोड़ा जा सकता है। गिव अप अभियान के तहत अब तक हजारों लोगों ने सकारात्मक पहल की है। लेकिन यह तभी सार्थक होगा जब प्रवर्तन अधिकारी और निरीक्षक सक्रियता से अपात्रों की पहचान कर उन्हें योजना से बाहर करें।

बीकानेर जिले में अब तक एनएफएसए के तहत 27,974 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 10,750 आवेदन स्वीकृत, 1,292 निरस्त तथा 9,076 आवेदन विभिन्न कारणों से उपभोक्ताओं को लौटाए गए हैं। गिव अप अभियान के अंतर्गत 8,333 अपात्र ने खुद योजना का लाभ छोड़ने की पहल की है।

## कलेक्टर डॉ. मंजू ने अंगदान की शपथ ली

**श्रीगंगानगर,(कासं)।** गंगानगर कलेक्टर डॉ. मंजू ने गुरूवार को अंगदान का संकल्प लेकर एक अनुकरणीय पहल की है। इसके साथ ही उन्होंने जिले के आमजन से भी इस पुनीत कार्य में आगे आने की अपील की है।

यह पहल अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंदों को नया जीवन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने स्वयं अंगदान करने की शपथ ली। उन्होंने अपनी मृत्यु के उपरांत अपने अंगों को दान करने का संकल्प व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अंगदान के महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे एक व्यक्ति का अंगदान कई जिंदगी बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि अंगदान एक महादान है, जो किसी के लिए दूसरा जीवन और उसके परिवार के लिए आशा लेकर आता है। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने अंगदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने का भी प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अंगदान एक सुरक्षित प्रक्रिया है और यह किसी भी धार्मिक या सामाजिक मान्यताओं के विरूद्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विज्ञान ने इतनी प्रगति कर ली है कि अंगदान के माध्यम से किडनी, लिवर, हृदय, फेफड़े और आंखें जैसे कई अंग दान किए जा सकते हैं। जिससे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों को नया जीवन मिल सके। डॉ. मंजू ने आमजन से भावनात्मक अपील करते हुए कहा कि हमें यह समझना होगा कि हमारा एक छोटा सा निर्णय, किसी और के लिए जीवन का सबसे बड़ा उपहार बन सकता है।

## सार-समाचार

### पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित




सप्त शक्ति कमान ने बीएसएफ अधिकारियों और भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सभी हित धारकों का समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण अति आवश्यक है। भारतीय सेना, सीमा सुरक्षा बल एवं नागरिक प्रशासन के बीच आपसी तालमेल को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारतीय सेना ने 'समन्वय' नामक सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह में सैन्य-नागरिक तालमेल से राष्ट्र निर्माण में विशेष योगदान देने वाले प्रमुख सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों एवं भारतीय सेना के पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया। बीकानेर सैन्य स्टेशन में आयोजित इस कार्यक्रम में सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के जवान, प्रतिष्ठित नागरिक प्रशासक और भारतीय सेना के पूर्व सैनिक उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए आर्मी कमांडर ने सिविल पदाधिकारी, सीमा सुरक्षा बल के जवानों को और सेना के दिग्गजों के अमूल्य योगदान के लिए उनके प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास, सहयोग और साझा उत्तरदायित्वों पर आधारित मजबूत सैन्य-नागरिक संबंधों को पोषित करने की सेना की प्रतिबद्धता दोहराई। आर्मी कमांडर ने उपस्थित लोगों से विकसित भारत-2047 को एक वास्तविकता और शानदार सफलता बनाने के लिए समग्र राष्ट्र दृष्टिकोण से कार्य करने का आव्हान किया।

### सम्पत भंसाली के तप का अभिनंदन



कमल कुमार स्वामी के पावन सानिध्य में सम्पत देवी भंसाली के मासखमण तप का अभिनंदन किया।

**बीकानेर, (कासं)।** उग्रविहारी तपोमूर्ति कमलकुमार स्वामी के पावन सानिध्य में मासखमण तप अभिनन्दन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ने अपने उद्‌गार प्रकट करते हुए फरमाया कि तपस्या का काम बड़ा कठिन है। वर्तमान युग में अधिक लोगों के नाना प्रकार की बीमारियां लगी हुई है। प्राय: परिवारों में दवाई का क्रम चलता रहता है। ऐसे माहौल में मासखमण की तपस्या करनी बहुत बड़ी बात है। तपस्वी अपनी तपस्या का लक्ष्य एक मात्र निर्जरा ही रखे जिससे आत्मा की उज्जवलता बढ़े और नाना प्रकार की अन्य अनेक समस्याओं का समुचित समाधान हो सके। सम्पत देवी भंसाली ने तपस्याएं करके अपनी शक्ति और भक्ति का परिचय दिया है। मासखमण से पूर्व भी सतरंगी में 9 की तपस्या कर साहस दिखाया। यह शासन साध्वी जिनरेखा का संसार पक्षीय भाई शान्तिलाल का परिवार है। शान्तिलाल तपस्या तो नहीं कर सकते परन्तु धर्मपत्नी को तपस्या में सहयोग जरूर दिया है। इस अवसर पर पारिवारिक सदस्यों ने मधुर गीतिका का संगान किया। साध्वी प्रमुखा के संदेश का वाचन रतनलाल छलाणी ने किया। सभा की तरफ से कमल भंसाली ने वर्धापन किया एवं संदेश भेंट महिला मण्डल की पूर्व अध्यक्षा संजू लालानी, वर्तमान अध्यक्ष प्रेम बोथरा व मंजू जैन आदि ने किया। इस अवसर पर मुनिश्री ने गीतिका निर्माण कर संगान किया। चंदा देवी लुणिया ने 24, पवन छाजेड़ ने 21, तारादेवी ने 18, चांदनी रांका ने 13, मयंक सिंगी ने 9, अंकिता बैद ने 8, प्रिया रांका ने 8, महावीर रांका ने 7 की तपस्या का प्रत्याख्यान किया।

### हरिराम बाबा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**नोखा, (कासं)।** जेगला पन्ना दरोगा में मंदिर में हरिराम बाबा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न हुई। ध्वजा के साथ बाबा के जयकारे लगाते भक्तों की आस्था से पूरा माहौल हरिराम बाबा की श्रद्धा के रंग में रंगा रहा। हरिराम बाबा मंदिर में ग्रामवासियों की ओर से आयोजित भजन संध्या में बाबा पर आधारित भजनों की प्रस्तुतियां दी गई।

# खेजड़ी काटने पर रोका तो कटर मशीन से हमला, 5 घायल

**बीकानेर, (कासं)।** बरजू गांव की रोही में मंगलवार देर रात खेजड़ी की कटाई रोकने गए ग्रामीणों और वन माफिया के बीच खूनी संघर्ष छिड़ गया। ग्रामीणों की बोलेरो कैम्पर को जोरदार टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

बोलेरो कैम्पर में सवार पांच लोगों पर लाठियों और कटर मशीन से वार किए गए, जिसमें एक किसान के मुंह पर गंभीर चोट आई है। उसके 22 टांके लगाये गए हैं। इस घटना के बाद गांव में तनाव के हालात हैं। खेजड़ी की कटाई को लेकर एक सप्ताह में यह दूसरी वारदात है। एक सप्ताह पहले भानीपुरा में ग्रामीणों पर फायरिंग की घटना हो चुकी है।

बरजू में एक ही लोकेशन पर खेजड़ी के करीब 154 पेड़ काट डाले गए। सरपंच प्रतिनिधि गिरधारी ने बताया कि अवाड़ा कंपनी सोलर प्लांट लगाने जा रही है। खेजड़ी की कटाई का

- **बरजू गांव में पावर ग्रिड सब स्टेशन से करीब दस किलोमीटर दूर रोही में अवाड़ा कंपनी ने सोलर प्लांट लगाने के लिए खेजड़ी की कटाई कराई**

काम वन माफिया को दे रखा है। मंगलवार देर रात उन्होंने 70 पेड़ काट डाले। इससे पूर्व पांच सौ मीटर दूरी पर ही एक सप्ताह पहले 84 पेड़ काटे थे। दरे रात पेड़ों पर कटर मशीन चलने की आवाज आने पर पास ही ढाणी में रहने वाले किसान की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पिछली बार माफिया कटे हुए पेड़ गिरा कर फरार हो गए थे। इस बार भी भाग गए।

जानकारी के अनुसार बराला ग्राम पंचायत के बरजू गांव में पावर ग्रिड सब स्टेशन से करीब दस किलोमीटर दूर रोही में अवाड़ा कंपनी ने सोलर प्लांट लगाने के लिए ग्रामीणों से लगभग 1500 बीघा जमीन ली है। कुछ जमीन लीज पर है तो कुछ खरीदी गई है। मंगलवार देर रात करीब दो बजे खेजड़ी काटने की सूचना मिलने पर जुल्फकार, रहमान, ईशाक, इमरान और मुस्तफा अपनी बोलेरो कैम्पर में मौके पर पहुंचे।

आरोप है कि कुछ गाड़ियों में सवार 25-30 लोगों ने उन पर हमला कर दिया। एक गाड़ी ने उनकी गाड़ी के जोरदार टक्कर मारी, जिससे दोनों एयरबैग खुल गए। आरोपी कटर मशीन और लाठियां लेकर टूट पड़े। उसी दौरान गांव के अन्य लोग भी पहुंचने लगे तो आरोपी फरार हो गए।

## 20 किलो डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले के समेजा कोठी क्षेत्र में पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 20 किलो 160 ग्राम डोडा पोस्त के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई समेजा कोठी थाने के कार्यवाहक थाना प्रभारी एसआई हनुमान प्रसाद के नेतृत्व में की गई।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुनील कुमार निवासी 12 पीएस और मुकेश कुमार निवासी 23 पीएस के रूप में की है। दोनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। समेजा कोठी थानाधिकारी कृष्ण कुमार के अनुसार यह कार्रवाई 84 एनपी रोही के पास की गई। आरोपी वहां से डोडा पोस्त लेकर तस्करी के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मौके से एक बाइक भी जब्त की है। इस बाइक का इस्तेमाल नशीले पदार्थों की तस्करी में किया जा रहा था। पकड़े गए माल को जब्त किया गया है।

# सादुलगंज में सीवरेज जाम की समस्या से परेशान

**बीकानेर,(कासं)।** शहर में सीवरेज चॉक की समस्या आमजन के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। इसके कारण राहगीर ही नहीं बल्कि कॉलोनियों व मोहल्लों के लोग भी परेशान हैं।

सादुलगंज क्षेत्र के निवासियों ने पूर्व पार्षद मनोज बिश्नोई की अगुवाई में शुक्रवार को आयुक्त का घेराव करने का फैसला किया है। बिश्नोई ने बताया कि क्षेत्र में सीवरेज सिस्टम फैल हो चुका है। सीवरेज चॉक होने के कारण इस रिहायशी पॉश कॉलोनी के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

सीवरेज कंपनी की ओर से तय समय पर काम पूरा नहीं किया जा रहा है। जिस वजह से सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गई है। टूटी सड़कों के कारण आये दिन वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे है। बिश्नोई ने चेतावनी दी है कि निगम के अधिकारी दो दिनों में चॉक सीवरेज की सफाई और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत नहीं की गई तो

- **दो दिन में समस्या का हल नहीं किया तो कॉलोनीवासी निगम निगम आयुक्त का घेराव करेंगे**

कॉलोनीवासी निगम आयुक्त का घेराव करेंगे। बिश्नोई ने कहा कि निगम ने स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश भर में पहले से बेहतर स्थान अर्जित किया है। लेकिन शहर की सफाई व्यवस्था इस बात की ओर इशारा कर रही है कि निगम स्वच्छता पर कितना ध्यान दे रहा है। पॉश कॉलोनियों सहित शहर के अनेक मुख्य मार्ग व वार्डों के हालात भी बुरे हैं। जहां सीवरेज का पानी सड़कों पर आ रहा है। नालों की सफाई के अभाव में सड़कें गंदले पानी से लबालब हो जाती है। बरसाती सीजन में तो हाल इससे भी बुरा हो जाता है।

# अधिक ब्याज पर वसूली करने वाला गिरफ्तार

**नोखा, (कासं)।** नोखा थाना पुलिस ने अधिक ब्याज दर पर रकम उधार देकर जबरन वसूली, लूट, अपहरण और मारपीट जैसे संगीन मामलों में एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस के अनुसार इस वारदात में कई अन्य लोग भी शामिल हैं, जिनकी तलाश जारी है।

नोखा के जोरावरपुरा निवासी जुगल किशोर जाजड़ा ने रिपोर्ट दी थी कि वह अपने मित्र प्रशांत सोनी (निवासी जोरावरपुरा) के साथ हनुमान धोरा के पास टैक्सी में बैठा था। तभी विक्रम खीचड़ और चार अन्य व्यक्ति वहां पहुंचे और उनके साथ मारपीट कर जबरन उठाकर ट्रीटमेंट प्लांट, लालूजी की खेड़ी, नोखा ले गए। वहां ले जाकर आरोपियों ने दोनों के साथ दुर्व्यवहार

- **अधिक ब्याज दर पर रकम उधार देकर जबरन वसूली का मामला**

करते हुए प्रशांत के पास मौजूद 525 ग्राम चांदी, एक मोबाइल फोन और 8,750 नगद लूट लिया। इसके बाद दोनों के कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाकर धमकी दी कि यदि मांगी गई रकम नहीं दी तो वीडियो वायरल कर बदनाम कर देंगे। जान से मारने की भी धमकी दी गई। पीडित जुगल किशोर ने बताया कि उसने आरोपी से 20,000 का उधार लिया था, जिसे लौटाने के बावजूद विक्रम खीचड़ 1,50,000 की मांग कर रहा था।

## ट्रेन से घायल व्यक्ति की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में एक अज्ञात व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। व्यक्ति को रेलवे कर्मचारियों द्वारा ट्रेन से टकराने के बाद घायलावस्था में भर्ती कराया गया था।

पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखकर वारिसों की तलाश शुरू कर दी है। मुक्ता प्रसाद नगर थाने के एएसआई हनुमान सिंह ने बताया कि ट्रोमा सेंटर, पीबीएम हॉस्पिटल में एक अज्ञात घायल व्यक्ति को रेलवे कर्मचारियों अनिल और राजेन्द्र द्वारा भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रथमदृष्टया सामने आया है कि मृतक ट्रेन से टकराने के कारण गंभीर रूप से घायल हुआ था। उसकी उम्र करीब 45 वर्ष आंकी गई है। मृतक की छोटी-छोटी दाढ़ी-मूछें, सिर पर छोटे बाल है।

# ऑनलाइन गेम में हारने पर पोते ने ही दादी का गला घोंटा था

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** 86 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या का गुरूवार को खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी पोते को गिरफ्तार कर लिया। उसने मोबाइल एप से लिए लोन के रूपए ऑनलाइन गेम में हारने पर वारदात को अंजाम दिया था। हत्या के बाद आरोपी ने सोने के जेवर और नकदी चुरा लिए और वारदात को लूट का रूप देने की कोशिश की।

एसपी अमृता दुहन ने बताया कि 24 जुलाई को मनीष चुघ ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि उसकी दादी द्रोपदी देवी (86) की हत्या कर अज्ञात आरोपी सोने के जेवर और नकदी लूट कर फरार हो गया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

- **आरोपी पोता गिरफ्तार, एप से लिया लोन चुकाने दादी की हत्या कर जेवर और नकदी चुरा लिया था**

की और एफएसएल, एमओबी व डॉग स्क्वायड की टीमों को मौके पर बुलाया। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिरों की सूचना के आधार पर पुलिस ने मनीष को ही गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में मनीष ने कबूल किया कि वह एक साल से एवियेटर गेम खेल रहा था और करीब दो लाख रूपए हार गया। कर्ज चुकाने के लिए उसने रिश्तेदारों और अलग-अलग मोबाइल एप से उधार लिया। दादी उसे मोबाइल गेम खेलने पर डांटती थी। वारदात वाले दिन गेम में 10-15 हजार रूपए हारने के बाद गुस्से और डिप्रेशन में उसने दादी की हत्या कर दी। फिर उसके कानों की बालियां, घर से सोने के जेवर और 18 हजार रूपए नकद लेकर घर का सामान बिखेर दिया और मकान को बाहर से बंद कर काम पर चला गया।

इस मामले में खुलासा करने वाली पुलिस टीम में आरपीएस विष्णु खत्री, जवाहर नगर थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह, थानाप्रभारी पुरानी आबादी ज्योति नायक, कांस्टेबल चरण सिंह, रोहिताश, दीपक, मनीष शामिल थे।

## रफी की पुण्यतिथि पर पौधरोपण

**बीकानेर।** मित्र एकता सेवा के महासचिव एवं संगीत प्रेमी के. के. सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रधान मंत्री द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी अभियान एक पेड़ मां के नाम के नाम व राष्ट्र के मशहूर गायक आवाज के जादूगर मोहम्मद रफी की 45 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर रतन बिहारी पार्क में मित्र एकता सेवा समिति के बैनर के तले गुरुवार दोपहर को रतन बिहारी पार्क में स्कूल छात्रों को पौधारोपण वितरण कर विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गये। इस अवसर पर पूर्व पार्षद एवं मित्र एकता सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बांठिया ने पहले मोहम्मद रफी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

राजस्थान आवासन मण्डल (राज. आवा. मण्डल अधिनियम 1970 के तहत् गठित राज्य सरकार का उपक्रम) वृत-बीकानेर,
क्रमांक :-उआआ/आरएचबी/बीका/2025-26/361 दिनांक:-29.07.25

**आम सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल में श्री श्रवण परेवा पुत्र श्री कालूराम परेवा को आवासीय भूखण्ड आवंटन हेतु पंजीकरण करवाया था। आवटी को वाद संख्या 7(210)/9/25 आवासीय भूखण्ड सं.1-बी-902 शिवबाडी आवासीय योजना, बीकानेर का कुल क्षेत्रफल 210.00 वर्गमीटर का आंवटन पत्र क्रमांक 841 दिनांक 17.11.2022 को जारी किया गया था। उक्त आवासीय भूखण्ड उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर से दिनांक 29.11.2022 से पंजीकृत हैं।

तत्पश्चात् मूल आवंटी श्री श्रवण परेवा पुत्र श्री कालूराम परेवा ने उक्त आवासीय भूखण्ड का बैचान विक्रय विलेख के माध्यम से श्री पुरा राम मेघवाल पुत्र श्री जवाहरा राम मेघवाल को किया गया। उक्त विक्रय विलेख उप पंजीयन कार्यालय बीकानेर में दिनांक 31.05.2023 से पंजीकृत हैं। श्री पुरा राम मेघवाल पुत्र श्री जवाहरा राम मेघवाल ने समस्त पंजीयन प्रपत्रो की सत्यापित छायाप्रति, निर्धारित शुल्क की रसीद जमा करवाकर मण्डल रिकार्ड मे अपना नाम दर्ज करने हेतु आवेदन किया है। श्री पुरा राम मेघवाल पुत्र श्री जवाहरा राम मेघवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज करने की कार्यावाही विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/हितकारी को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में 10 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में प्रस्तुत करे अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकार्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री पुरा राम मेघवाल पुत्र श्री जवाहरा राम मेघवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा। यदि उक्त आवास में उनके वारिसों एवम् अन्य कोई भी व्यक्ति द्वारा न्यायालय/पुलिस थाना में किसी भी प्रकार का कोई वाद-विवाद पाया गया तो आवंटी स्वयं जिम्मेदार होगा।

अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी
राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त बीकानेर

## कृत्रिम गर्भाधान पर जोर

**बीकानेर, (कासं)।** वेटरनरी विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय के अर्न्तगत कार्यरत पशु अनुसंधान केन्द्रों की कार्ययोजना एवं प्रगति की समीक्षा बैठक गुरूवार को कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कुलगुरू आचार्य दीक्षित ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य की प्रमुख देशी गौवंश जैसे राठी, थारपारकर, गिर, साहीवाल एवं कांकरेज उन्नत नस्लों के अनुसंधान केन्द्र वेटरनरी विश्वविद्यालय में स्थापित है जो कि हमारे लिए गर्व की बात है।

इन नस्लों के संरक्षण एवं उन्नयन हेतु विश्वविद्यालय निरन्तर प्रयासरत रहा है। कुलगुरू आचार्य दीक्षित ने सभी पशु अनुसंधान केन्द्रों के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी केन्द्रों पर गुणवत्ता सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देना होगा। पशु अनुसंधान केन्द्रों पर कम उत्पादकता वाले पशुओं को समय-समय पर छंटनी करते हुए पशु नीलामी कर फार्मों के उत्पादन स्तर को बढ़ावा देना होगा।

# सूचकांकों की प्राप्ति में सराहनीय योगदान देने वाले अधिकारी- कर्मचारी सम्मानित

**बीकानेर, (कासं)।** नीति आयोग के सम्पूर्णता अभियान के तहत श्रीकोलायत में जिला स्तरीय सम्मान समारोह गुरूवार को आयोजित किया गया। इस दौरान आकांक्षा हाट का शुभारंभ किया गया।

राजस्व तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋतुराज महला, उपखंड अधिकारी राजेश नायक, राजीविका के डीपीएम दिनेश चंद्र मिश्रा, तहसीलदार पूनम कंवर और विकास अधिकारी वीरपाल सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न सूचकांकों की प्राप्ति में सराहनीय योगदान देने वाले 35 अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयासों से ही जिले को यह उपलब्धि हासिल हो सकी है।




श्रीकोलायत में संपूर्णता अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय सम्मान समारोह को अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ऋतुराज महला संबोधित किया।

उन्होंने इस जज्बे को बनाए रखने का आव्हान किया और कहा कि साझा प्रयासों से कोलायत में आधारभूत सुविधाओं का विकास किया जा सकेगा।

मुख्य आयोजना अधिकारी अमर सिंह चांदोलिया ने बताया कि नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत देश के लगभग पांच सौ ब्लॉक चयनित हुए। इनमें कोलायत को शामिल किया गया। कोलायत ने अभियान के 6 में से पांच सूचकांकों में लक्ष्य की प्राप्ति की। अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2024 तक चला। इसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, कृषि और राजीविका के छह इंडीकेटर्स शामिल किए गए।

- **सम्पूर्णता अभियान के तहत जिला स्तरीय सम्मान समारोह आयोजित**

इस दौरान मंच पर सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खींचड़, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुखराज साध, आरसीएचओ डॉ. राजेश गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सुभाष बिश्नोई, आशान्वित ब्लॉक कॉर्डिनेटर योगिता व्यास मौजूद रहे।

IIFL HOME LOAN
आईआईएफएल होम फायनांस लिमिटेड
आईआईएफएल हाउस, सन इन्फोटेक पार्क, रोड नं.16वी, प्लॉट नं. बी-23, एमआईडीसी ठाणे इंडस्ट्रियल एरिया, वागले एस्टेट, ठाणे-400604, महाराष्ट्र
CIN No.: U65993MH2006PLC166475

इस सूचना द्वारा जनसामान्य और आईआईएफएल होम फायनांस लिमिटेड के ग्राहकों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रथम तल नया बस स्टैंड एलआईसी कार्यालय के पास डेलू सदन सूरतगढ़ जिला- गंगानगर-335805, राजस्थान स्थित आईआईएफएल होम लोन शाखा को **03 नवंबर 2025** से प्रभावी रूप से नए पते यानी दुकान नं. 4, आयकर कार्यालय के पास, सूरतगढ़, 335804, राजस्थान में स्थानांतरित कर दिया जाएगा.

सभी ग्राहकों और आम जनता से निवेदन है कि उपर्युक्त सूचना को ध्यान में रखते हुए अपनी निकटतम अन्य आईआईएफएल होम लोन शाखाओं का पता लगाने के लिए iiflhomeloans.com/locate-us पर विज़िट करें।